# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 18.08.2026** **समय : 1905**

1. भारत मंडपम् में 12वें ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन का आयोजन, केंद्रीय मंत्री ने कहा— पर्यावरण संरक्षण के लिए नीति, तकनीक और जनभागीदारी का समन्वय जरूरी।
2. भारत के सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को नेपाल में मिला मानद जनरल का रैंक, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में आयोजित समारोह में प्रदान किया सम्मान।
3. राजधानी श्री विजयपुरम में अंडमान–निकोबार पुलिस और एनएसजी के संयुक्त सहयोग से विशेष पी एस ओ तथा सुरक्षित और विशेष वाहन चालन प्रशिक्षण शुरू।
4. पीएम–किसान की अगली किस्त के लिए ई–के वाई सी और आधार सीडिंग जरूरी, अंडमान–निकोबार कृषि विभाग ने लाभार्थियों से समय पर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की।

<><><><><><><>

नई दिल्ली के भारत मंडपम् में 12वां ब्रिक्स पर्यावरण मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की। इस अवसर पर श्री यादव ने सतत् विकास के लिए नीति, प्रौद्योगिकी और जनभागीदारी के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने 2005 से 2022 के बीच उत्सर्जन की तीव्रता में सैंतीस प्रतिशत से अधिक की कमी की है। भारत की कुल विद्युत क्षमता का आधे से अधिक हिस्सा अब स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त होता है। श्री यादव ने कहा कि ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में भारत सभी सदस्य देशों के बीच खुले और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स पर्यावरण कार्य समूह द्वारा तैयार चार ज्ञान संकलनों का भी अनावरण किया गया। इनमें सदस्य देशों की पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अच्छी प्रथाओं, ज्ञान और नवाचारों को शामिल किया गया है।

<><><><><><><>

भारत के सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को नेपाल आर्मी के मानद जनरल का रैंक प्रदान किया गया है। काठमांडू के शीतल निवास में आयोजित समारोह में नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उन्हें यह सम्मान दिया। जनरल धीरज सेठ नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगदेल के निमंत्रण पर रविवार को काठमांडू पहुंचे थे। मानद जनरल का रैंक प्रदान करने की यह परंपरा वर्ष 1950 से चली आ रही है। इसके तहत भारत और नेपाल एक–दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद जनरल का रैंक प्रदान करते हैं।

<><><><><><><>

सेमीकॉन इंडिया–2026 का पांचवां संस्करण अगले महीने 17 तारीख से नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। तीन दिन के इस सम्मेलन में 40 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा प्रदर्शक और करीब दो सौ चालीस कंपनियां हिस्सा लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री अमरीका, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, जर्मनी, नीदरलैंड और मलेशिया की प्रमुख कंपनियों के वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथरा उंडटेबल बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। सम्मेलन की थीम —'सिलिकॉन से सिस्टम, इकोसिस्टम का निर्माण' है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार पुलिस ने एन एस जी के सहयोग से श्री विजयपुरम में विशेष पी एस ओ और सुरक्षित और विशेष वाहन चालन प्रशिक्षण शुरू किया है। दो सप्ताह का यह प्रशिक्षण कल से शुरू हो गया है। प्रशिक्षण में पुलिस के विभिन्न इकाइयों के सौ जवान हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 70 जवान पी एस ओ और 30 जवान सुरक्षित और विशेष वाहन चालन का प्रशिक्षण ले रहे हैं। एन एस जी की टीम द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में वी वी आई पी सुरक्षा, क्लोज प्रोटेक्शन, सुरक्षा अभ्यास, वाहन नियंत्रण और सुरक्षित ड्राइविंग जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंडमान–निकोबार पुलिस के अनुसार, इस प्रशिक्षण से वी वी आई पी दौरों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। पुलिस महानिदेशक रविंद्र सिंह यादव ने एनएसजी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संयुक्त प्रशिक्षण से पुलिसकर्मियों की पेशेवर क्षमता और सुरक्षा तैयारियों में बढ़ोतरी होगी।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में आज किशोर न्याय अधिनियम 2015 के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में हुई। इसमें पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल देखभाल संस्थानों और किशोर न्याय बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बच्चों की सुरक्षा, अधिकार, संरक्षण, पुनर्वास और पुनर्समावेशन को मजबूत करने तथा बाल–अनुकूल प्रक्रियाओं को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पूर्वा गर्ग और पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय और जवाबदेही को बाल संरक्षण व्यवस्था मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग ने पी एम–किसान लाभार्थियों से लंबित ई–के वाईसी और बैंक खाते की आधार सीडिंग जल्द पूरी करने की अपील की है। संबंधित लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायतों में प्रदर्शित की गई है। ई–के वाई सी पीएम–किसान पोर्टल, मोबाइल ऐप या नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर से की जा सकती है, जबकि आधार सीडिंग के लिए बैंक शाखा से संपर्क करना होगा। विभाग ने कहा है कि प्रक्रिया पूरी नहीं करने पर अगली किस्त रुक सकती है। वर्ष 2026–27 की वार्षिक ई–के वाई सी भी समय पर पूरी करने की अपील की गई है।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतरिम मेरिट सूची 21 अगस्त को शाम पांच बजे जारी की जाएगी। सूची कॉलेज प्रवेश की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। अंतिम मेरिट सूची 25 अगस्त को शाम पांच बजे जारी होगी। बीएड पाठ्यक्रम के लिए काउंसलिंग 27 अगस्त को होगी और कक्षाएं 28 अगस्त से शुरू होंगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के शिक्षा विभाग के खेल अनुभाग की ओर से एस जी एफ आई–2026 के लिए अंतर–विद्यालय अंडर–19 बालक फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट–सह–चयन ट्रायल आज भातूबस्ती मैदान में शुरू हुआ। पहले दिन चार मुकाबले खेले गए। पहले मैच में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अबर्डीन ने वी.के.वी.लम्बालाइन को एक–शून्य से हराया। दूसरे मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रंगाचांग ने पोर्ट मोट को तीन–दो से मात दी। तीसरे मुकाबले में सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कार्मेल ने गाराचरमा को दो–शून्य से हराया। चौथे मैच में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, स्कूल लाइन ने जी. एस.एस. कालिकट को चार–एक से पराजित किया। टूर्नामेंट का आयोजन दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे के नेतृत्व में किया जा रहा है।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पर्ल देवदास की उपस्थिति में एन सी सी कैडेट्स ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में 50 पौधे लगाए गए। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने में पौधारोपण के महत्व पर जोर दिया। एन सी सी कैडेट्स ने लगाए गए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

<><><><><><>

मत्स्य विभाग ने मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम परिसर में बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक स्वयं सहायता समूह आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें। आवेदन 22 अगस्त तक मत्स्य निदेशालय, श्री विजयपुरम स्थित सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए ट्रेड डिप्लोमा कार्यक्रमों की कक्षाएं 20 अगस्त से शुरू होंगी। सभी नए प्रवेशित छात्रों को कहा गया है कि वे सुबह साढ़े आठ बजे होटल प्रबंधन विभाग में उपस्थित हों और रिपोर्ट करें।

<><><><><><>